हरिभूमि
महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026

11 मदार-रोहतक एक्सप्रेस के समय में बदलाव की...



12 अंतिम संस्कार से सीधे एसपी कार्यालय पहुंचे लोग...



सवेरे कई जगहों पर नहीं हो सकी जलापूर्ति, नागरिक अस्पताल की भी रही बिजली गुल

हड़ताल का असर, बिजली का ब्लैकआउट, काम धंधे ठप

- बिजली कर्मचारियों की तीन दिवसीय हड़ताल शुरू होने से जिले में अनेक जगहों पर रात को रहा ब्लैकआउट
- अनाज मंडी में किसानों के बाजरे की खरीद जारी होने के चलते सचिव ने वहां जनरेटर लगवाकर बनवाए गेट पास

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

बिजली निगम कर्मचारियों एवं अधिकारियों की बीती रात दस बजे से तीन दिवसीय हड़ताल शुरू होने के चलते जिले में अधिकांश स्थानों पर ब्लैकआउट रहा। ब्लैकआउट के कारण लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हुए, वहीं भोर के समय की दिनचर्या भी प्रभावित हुई। सवेरे जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा आपूर्ति किए जाने वाले पेयजल की सप्लाई भी कई जगहों पर नहीं हो सकी। इतना ही नहीं, जब सवेरा हुआ तो खासकर शहरी लोग बाजार में अपनी दुकानों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर पहुंचे, लेकिन नारनौल शहर में सवेरे करीब नौ बजे ही पॉवर कट लग गया था। इस कारण उनका कामकाज ठप रहा। बिजली आपूर्ति ठप होने से लोग मोबाइल फोन जार्च करने तक को तरस गए। कमाल की बात यह देखने को मिली कि निगम के अधिकारी एसी आफिस छोड़कर एक पेड़ के नीचे कुर्सियां डालकर बैठे रहे। आश्चर्य की बात है कि कार्यकारी अभियंता कार्यालय पर तो ताला ही लटका हुआ था, वहीं सिहमा ऐसा फीडर रहा, जहां दोपहर को भी बिजली आपूर्ति निरंतर जारी थी। पहले दिन तीनों शिफ्टों में हड़ताल में 97 से लेकर 100 प्रतिशत तक कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने भाग लिया।

बता दें कि गुरुग्राम एवं नूंह जिलों में बिजली का प्राइवेटाइजेशन करने के विरोध में बिजली निगम के प्रदेश स्तरीय कर्मचारी नेताओं ने इसके विरोध में तीन दिवसीय हड़ताल कॉल की थी। इस हड़ताल के चलते जिला मुख्यालय के भी हालात खराब रहे। डीसी, एसपी, जज एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के आवासों एवं कार्यालयों की बिजली आपूर्ति बंद रही। लघु सचिवालय, जहां दिनभर अधिकारी बैठते हैं और आमजन काम कराने वहां आते हैं, वहां की बिजली भी पूर्णतया गुल रही।







नारनौल। सिंघाना रोड एक्सन कार्यालय पर लटका ताला, पेड़ के नीचे अधिकारियों के साथ बैठे एसई जोगेंद्र सिंह हुड्डा व हाथ पर कनूला लगाकर ड्यूटी देते पॉवर हाउस कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि



नारनौल। कर्मचारियों की हड़ताल से सूना पड़ा कार्यालय।

यह बोले एसई

निगम के एसई जोगेंद्र सिंह हुड्डा हड़ताल के चलते अपने ऑफिस की बजाए कार्यालय परिसर में ही एक पेड़ के नीचे कुर्सियों पर बैठे नजर आए। उनके साथ निगम के कार्यकारी अभियंता एवं अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। एसई ने बताया कि हड़ताल में दोनों तरह के रेगुलर एवं आउटसोर्स वाले सभी कर्मचारी भाग ले रहे हैं। इस कारण पूरा सिस्टम ठप है।

अस्पताल की बिजली भी कटी

जिला नागरिक अस्पताल की बिजली सप्लाई भी ठप रही। हालांकि वहां की आवश्यक सेवाओं को जनरेटर के सहारे चलाया गया। ट्रामा सेंटर से लेकर लेबोरट्री एवं एक्स रे आदि में जनरेटरों से बिजली आपूर्ति दी गई और मरीजों को परेशान होने से बचाया गया। हालांकि अन्य आफिसियल कार्य कुछ प्रभावित हुए।

अनाज मंडी में लगाया जनरेटर

गौर हो कि आजकल अनाज मंडी में बाजरे की खरीद जोरों पर चल रही है, लेकिन हड़ताल के चलते वहां की भी बिजली गुल रही। अधिकारी एवं कर्मचारी इसके अभाव में प्रभावित नजर आए, लेकिन उन्होंने किसानों के गेटपास को देखते हुए जनरेटर की मदद से बिजली आपूर्ति की व्यवस्था शुरू की, जिस कारण किसान बाजरा खरीद में भाग ले सके। कार्यकारी अधिकारी एवं सचिव नुकुल यादव के अनुसार गुरुवार को कुल 351 गेट पास काटे गए। आवक लगभग 7805 क्विंटल रही।

कर्मचारियों की स्थिति

बिजली निगम कर्मचारियों की हड़ताल जहां रात दस बजे ही शुरू हो गई थी, जिसमें कर्मचारियों ने शत-प्रतिशत भाग लिया। इसमें रेगुलर से लेकर कच्चे कर्मचारी भी शामिल रहे। प्रातः 4 बजे से 6 बजे तक के कर्मचारी भी शत-प्रतिशत हड़ताल पर रहे। महज प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक की शिफ्ट में 97.82 प्रतिशत हड़ताल रही। दिन के समय निगम सर्कल में 964 कर्मचारी एवं अधिकारी ड्यूटी पर रहते हैं, जिनमें से 943 हड़ताल पर रहे। महज 21 ने ड्यूटी की।

जिले में आपूर्ति की स्थिति

महेंद्रगढ़ जिले में करीब 58 बिजली घर है, जिनमें से 40 बंद रहे। जिन बिजली घरों में बिजली आ रही थी, वहां आगे का पूरा सिस्टम बंद होने कारण पॉवर हाउस में खपत जीरो या नाममात्र को यूनिट दिखा रहा था। नारनौल के 220 केवी पॉवर हाउस के अलावा 33 केवी के फीडर निजामपुर, हसनपुर, खटोटी, हुडा सेक्टर एवं कोरियावास मेडिकल आदि में बिजली आपूर्ति पूर्णतया बंद थी, लेकिन मेडिकल कॉलेज का ब्रेकडाउन आ रहा था। एचबीसी शोभापुर, एनएलडी, जे, सिटी वन, सिटी टू, हुडीना आदि 11 केवी स्टेशन बंद रहे।

रिटायर कर्मी व इलेक्ट्रिकल ट्रेड पासआउट छात्रों से लिया जाए काम

नारनौल। उपायुक्त अनुपमा अंजली ने वीरवार को लघु सचिवालय में पुलिस अधीक्षक दीपक तथा बिजली निगम के अधिकारियों के साथ बैठक कर रणनीति तैयार की। बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हड़ताल के दौरान सेवानिवृत्त बिजली कर्मचारियों तथा आईटीआई के इलेक्ट्रिकल ट्रेड के पास आउट बच्चों से काम लिया जाए। किसी भी अप्रिय घटना से तत्काल निपटने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने कहा कि निगरानी व्यवस्था को और मजबूत करते हुए सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र में स्थित बिजली घरों का लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बिजली संबंधी किसी भी समस्या की स्थिति में नागरिक कंट्रोल रूम के लैंडलाइन नंबर 01282-294277 तथा मोबाइल नंबर 8059888214 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त नारनौल स्थित सिटी टू के मोबाइल नंबर 8059888005 पर भी सूचना दी जा सकती है।

जिलाधीश ने लागू किए निषेधाज्ञा आदेश

नारनौल। तीन दिवसीय राज्यव्यापी हड़ताल को ध्यान में रखते हुए जिलाधीश अनुपमा अंजली ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जिला में सख्त निषेधाज्ञा आदेश जारी किए हैं। जिलाधीश ने बताया कि हड़ताल के दौरान बिजली आपूर्ति में बाधा डालने, बिजली उपकेंद्रों एवं कार्यालयों में अवैध प्रवेश करने, संपत्ति को नुकसान पहुंचाने तथा ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों के काम में रुकावट डालने जैसी आशंकाओं को देखते हुए कानून-व्यवस्था और शांति बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है। जिलाधीश द्वारा जारी आदेशों के अनुसार, जिले में स्थित सभी बिजली पावर स्टेशनों, उपकेंद्रों (220/132/33 केवी), 11 केवी स्विचिंग स्टेशनों, पंप हाउस उपकेंद्रों, डीएचबीवीएन व एचवीपीएनएल के कार्यालयों, स्टोरों, टीआरडब्ल्यू और आवश्यक फीडरों के 100 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार के अवैध रूप से पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने, धरना-प्रदर्शन, घेराव, नाकेबंदी, जुलूस निकालने या नारेबाजी करने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। इसके अतिरिक्त इस प्रतिबंधित क्षेत्र में किसी भी प्रकार का हथियार, लाठी, डंडा, पत्थर, धारदार हथियार या ज्वलनशील/विस्फोटक सामग्री लेकर जाने पर पाबंदी लगाई है। यह आदेश 21 अक्टूबर की रात 10 बजे से लागू हो चुके हैं और 24 अक्टूबर की मध्यरात्रि 12 बजे तक प्रभाव में रहेंगे।

कनीना : बुधवार रात से ही बिजली गुल

कनीना। बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के चलते बुधवार रात्रि 10 बजे गुढ़ा, धनौंदा सिहोर आदि पावर ग्रिड सब स्टेशन से संचालित बिजली सप्लाई गुल हो गई। वीरवार दोपहर बाद तक बिजली सप्लाई बहाल न होने तक ग्रामीणों के रोजमर्रा के कार्य अटक गए। वहीं मोबाइल फोन भी जवाब देने लग गए। सिटी फीडर में दोपहर बाद बिजली गायब हो गई। हालांकि इस दौरान एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह, डीएसपी ऋषिकांत शर्मा, नायब तहसीलदार पौरुष पहल सहित थाना इंचार्ज रविंद्र सिंह व पंकज कुमार अपनी टीम सहित अलग-अलग क्षेत्र के पावर हाउस का दौरा कर व्यवस्था का जायजा लिया। बिजली घरों और बिजली ढांचे की सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात रहे। निगरानी व्यवस्था को और मजबूत करते हुए सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र में स्थित बिजली घरों का लगातार निरीक्षण कर जमीनी स्थिति पर नजर बनाए रखी। बिजली संबंधी समस्या की स्थिति में उपभोक्ता कंट्रोल रूम के लैंडलाइन नंबर 01282-294277 व मोबाइल नंबर 8059888214 पर संपर्क कर सकते हैं।

नांगल चौधरी : हड़ताल से आमजन का जनजीवन बेहाल

नांगल चौधरी। बिजली कर्मचारियों की हड़ताल का शहर में जनजीवन से लेकर कारोबार और कृषि कार्यों तक असर देखने को मिला। बिजली आपूर्ति बाधित होने से कहीं दुकानों पर कामकाज प्रभावित हुआ, तो कहीं सरकारी कार्यालयों में पहुंचे लोगों को बिना काम कराए ही लौटने की नौबत आ गई। अनाज मंडी में बाजरे की खरीद से जुड़े कार्य भी प्रभावित हुए। स्थिति को संभालने के लिए मार्केट कमेटी के सचिव आदित्य यादव ने आनन-फानन में वैकल्पिक व्यवस्था कर कामकाज जारी रखने का प्रयास किया। नगर पालिका, बीडीपीओ कार्यालय सहित अन्य सरकारी कार्यालयों में भी बिजली संकट का असर दिखाई दिया। व्यापारियों ने अपनी समस्याओं को लेकर बिजली निगम कार्यालय का रूख किया। कुल मिलाकर हड़ताल का असर बाजार, मंडी, सरकारी सेवाओं और खेती-किसानी पर दिखाई दिया, जिसकी परेशानी आमजन को उठानी पड़ी।



महेंद्रगढ़। सामान्य अस्पताल का दौरा करती डीसी अनुपमा अंजली। फोटो : हरिभूमि

उपायुक्त ने अस्पताल का किया औचक निरीक्षण, खराब मिली बायोमेट्रिक मशीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

प्रदेश सरकार द्वारा मरीजों की निःशुल्क दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ अस्पताल में आने वाले हर व्यक्ति को मिलना चाहिए। मरीजों को दिए जाने वाले उपचार में किसी प्रकार की कौताही न की जाए। यह निर्देश डीसी अनुपमा अंजली ने वीरवार को सामान्य अस्पताल का औचक निरीक्षण करने उपरांत चिकित्सकों एवं अस्पताल के कर्मियों को निर्देश देते समय कही। इस दौरान एसडीएम योगेश सैनी एवं सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार भी मौजूद रहे।

डीसी ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना है तथा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीसी ने अस्पताल में खराब पड़ी बायोमेट्रिक मशीन को बदलने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई व्यवस्था, दवाइयों कीउपलब्धता तथा चिकित्सकों एवं स्टाफ की उपस्थिति का जायजा लिया। डीसी ने अस्पताल में इलाज करवा रहे मरीजों से भी बातचीत की।

उन्होंने अस्पताल के सभी वार्डों, ओपीडी, इमरजेंसी कक्ष, दवा वितरण केंद्र तथा जांच प्रयोगशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि मरीजों को समय पर बेहतर उपचार, आवश्यक दवाइयां तथा स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित किया जाए।

डीसी ने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने, पेयजल एवं बैठने की उचित व्यवस्था बनाए रखने तथा आपातकालीन सेवाओं को हर समय सक्रिय रखनेके निर्देश भी दिए।

शिविर में आने वाली शिकायतों का तय समय में करें निपटान : डीसी

महेंद्रगढ़। जिला व उपमंडल स्तर पर सोमवार और वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक डीसी अनुपमा अंजली की अध्यक्षता में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में वीरवार को लघु सचिवालय एसडीएम कार्यालय के कोर्ट रूम में आयोजित समाधान शिविर में डीसी अनुपमा अंजली ने आमजन की शिकायतें सुनी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार, एसडीएम योगेश सैनी व डीएमसी रणबीर सिंह भी मौजूद रहे। डीसी अनुपमा अंजली ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों का तय समय में निपटान करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों का उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है, ताकि समस्याओं का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से निवारण किया जा सके। इस अवसर पर रोडवेज महाप्रबंधक देवदत्त, तहसीलदार अजय कुमार, नगर पालिका सचिव प्रशांत परासर, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी मनोज कुमार सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

जनसमस्याओं का मौके पर किया समाधान

नारनौल। समाधान शिविर में वीरवार को सीईओ जिला परिषद निर्मल नागर ने नागरिकों की शिकायतें सुनी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए उनका समाधान सुनिश्चित करें, ताकि लोगों को सरकारी कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें। सीईओ जिला परिषद ने शिकायतकर्ताओं से बातचीत कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि अन्य मामलों में नियमानुसार कार्रवाई के लिए कहा गया। इस मौके पर नगराधीश डॉ. मंगल सेन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला जेल में हवालाती बंदी से 29 ग्राम सुल्फानुमा मादक पदार्थ बरामद

- पूछताछ में हवालाती ने ड्यूटी पर तैनात वार्डर पर लगाया पदार्थ देने का आरोप
- पुलिस ने बंदी व वार्डर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तथा प्रिजन एक्ट के तहत दर्ज किया मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल



नारनौल। नसीबपुर जेल। फोटो : हरिभूमि

नसीबपुर स्थित जिला जेल में हवालाती बंदी से तलाशी के दौरान 29 ग्राम सुल्फानुमा मादक पदार्थ बरामद होने का मामला सामने आया है। जेल प्रशासन की शिकायत के अनुसार बंदी ने पूछताछ में आरोप लगाया कि ड्यूटी पर तैनात एक वार्डर ने उसे यह पदार्थ दिया था। पुलिस ने बंदी और वार्डर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तथा प्रिजन एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिला जेल के उप अधीक्षक रविंद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 20 अक्टूबर को वार्डर संजीव कुमार की ड्यूटी सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक कोट-गश्त पर थी। दोपहर करीब एक बजे वह मुलाकात कक्ष के सामने बने टीनशेड में बैठा था। वहां हवालाती बंदी संजय उर्फ चव्वनी भी मौजूद था। संदेह होने पर जेल प्रशासन ने सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग चेक की और बंदी को जेल ड्योढ़ी में बुलाकर तलाशी ली। शिकायत के मुताबिक उप अधीक्षक के निर्देश पर वार्डर हर्षरोज ने अन्य जेल कर्मचारियों की मौजूदगी में बंदी की तलाशी ली। इस दौरान उसके पास से काले रंग की पन्नी में सुल्फानुमा पदार्थ मिला। जेल प्रशासन ने इलेक्ट्रॉनिक कांटे पर पन्नी सहित इसका वजन किया, जो 29 ग्राम पाया गया। जेल प्रशासन के अनुसार पूछताछ के दौरान बंदी संजय उर्फ चव्वनी ने आरोप लगाया कि उसे यह पदार्थ वार्डर संजीव कुमार ने मुलाकात कक्ष के सामने बने टीनशेड में दिया था। इसके बाद जेल प्रशासन ने पुलिस को सूचना देकर बरामद पदार्थ और दोनों संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की।

वार्डर पर लगाए गए आरोपों की होगी जांच

सूचना मिलने पर पुलिस टीम जिला जेल पहुंची और बरामद पदार्थ को कब्जे में लेकर उसका वजन किया। पुलिस ने पदार्थ को प्लास्टिक की डिब्बी में रखकर कपड़े में पैक किया और नियमानुसार सील किया। इसके बाद शिकायत के आधार पर एनडीपीएस एक्ट की धारा 20बी(II)(ए) और प्रिजन एक्ट की धारा 42 के तहत केस दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार संजय उर्फ चव्वनी पहले से एक मामले में हवालाती बंदी के रूप में जेल में बंद है। मामले में बरामद पदार्थ के संबंध में जांच की जा रही है। वार्डर पर लगाए गए आरोपों की भी जांच की जाएगी।

मिलावटखोरों पर जारी रहेगी सख्ती: स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर विशेष अभियान

त्योहारी मिठाई की जांच परख : 30 दिन में लिए 24 सैंपल में से 5 की मिली रिपोर्ट, घी का एक सैंपल फेल

- पांच में से घी का 1 नमूना असुरक्षित, 2 नमूने अधोमानक पाए, दो नमूने मानकों पर उतरे खरे, 19 की रिपोर्ट अभी शेष

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

दावा है कि त्योहार को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के मार्गदर्शन में जिले में विशेष खाद्य सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। पिछले एक माह के दौरान नारनौल क्षेत्र की खाद्य सुरक्षा टीम ने विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 24 नमूने भरे हैं। अभियान के तहत लिए गए 24 नमूनों में से अब तक पांच की जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई है। इनमें घी का एक नमूना असुरक्षित (अनसेफ) और दो नमूने अधोमानक (सबस्टैंडर्ड) पाए गए हैं, जबकि दो नमूने निर्धारित मानकों पर खरे उतरे हैं। शेष 19 नमूनों की रिपोर्ट आना बाकी है। विभाग के अनुसार सभी रिपोर्टों के आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

खरीदारी में बरतें सावधानी

खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. अमित कुमार ने बताया कि दीपावली पर मिठाइयों, घी और अन्य खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ जाती है, इसलिए उपभोक्ताओं को खरीदारी के समय विशेष सतर्कता रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पैकिंग पर निर्माण तिथि, समाप्ति तिथि और एफएसएसएआई लाइसेंस या पंजीकरण की जानकारी जरूर जांचें। खुले में रखे, अस्वच्छ माहौल में बने या संदिग्ध गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थ खरीदने से बचें। डॉ. अमित कुमार ने मिठाई विक्रेताओं और अन्य खाद्य कारोबारियों से भी अपील की कि वे वैध एफएसएसएआई लाइसेंस या पंजीकरण रखें तथा निर्माण, भंडारण और बिक्री के दौरान स्वच्छता के सभी नियमों का पालन करें। मिठाइयों में अनधिकृत रंगों का प्रयोग न करें और केवल सुरक्षित व मानक के अनुरूप सामग्री ही इस्तेमाल करें।

लगातार जारी रहेगी कार्रवाई

विभाग की ओर से दीपावली के दौरान बाजारों में निगरानी, नमूना भरने और जांच की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा है कि त्योहारों के दौरान लोगों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है। मिलावट करने या गुणवत्ता से समझौता करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने खाद्य सुरक्षा विभाग को बाजार में बिकने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर लगातार नजर रखने के निर्देश दिए हैं। आमजन से अपील है कि वे शुद्ध और सुरक्षित खाद्य पदार्थ ही चुनें। कहीं मिलावट या असुरक्षित खाद्य सामग्री की बिक्री की जानकारी मिले, तो तुरंत खाद्य सुरक्षा विभाग को सूचित करें। स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य त्योहार की खुशियों के बीच लोगों की सेहत की सुरक्षा सुनिश्चित करना और खाद्य गुणवत्ता से जुड़े नियमों का प्रभावी ढंग से पालन करवाना है।

अरुण जोशी बने जिला आर्म बॉक्सिंग एसोसिएशन के तकनीकी निदेशक

महेंद्रगढ़। स्पोर्ट्स आर्म बॉक्सिंग एसोसिएशन हरियाणा ने महेंद्रगढ़ निवासी अरुण जोशी को जिला महेंद्रगढ़ आर्म बॉक्सिंग एसोसिएशन का तकनीकी निदेशक नियुक्त किया है। यह नियुक्ति वर्ष 2028 तक मान्य रहेगी। अरुण जोशी की खेल निष्ठा एवं अनुभव को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। अरुण जोशी ने कहा कि वह तकनीकी निदेशक के रूप में जिले में आर्म बॉक्सिंग खेल के विस्तार, खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा उभरती खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए कार्य करेंगे। साथ ही वे राज्य सरकार एवं संबंधित खेल संगठनों के साथ समन्वय स्थापित कर जिले के खिलाड़ियों को जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के अवसर उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने अपनी नियुक्ति पर स्पोर्ट्स आर्म बॉक्सिंग एसोसिएशन हरियाणा का आभार व्यक्त किया।



हेरोइन मामले में सीआईए ने 2 और आरोपित किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

सीआईए ने थाना शहर में दर्ज हेरोइन (चिट्टा) बरामदगी के मामले में जांच का दायरा बढ़ाते हुए नशीले पदार्थों की खरीद-फरोख्त से जुड़े दो अन्य आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान लोकेश निवासी मोहल्ला मिश्रवाड़ा तथा रितेश निवासी मोहल्ला दशमेश नगर के रूप में हुई है। डीएसपी मुख्यालय भारत भूषण ने बताया कि नौ अक्टूबर को सीआईए ने पुल बाजार क्षेत्र से अनुराग निवासी नई सराय को हेरोइन (चिट्टा) सहित गिरफ्तार किया था। इस संबंध में थाना शहर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

उन्होंने बताया कि मामले की गहनता से जांच करते हुए पुलिस टीम ने पूर्व में गिरफ्तार आरोपित अनुराग से नशीले पदार्थ की खरीद के स्रोत के संबंध में पूछताछ की। पूछताछ के दौरान आरोपित ने बताया कि वह नशीला पदार्थ लोकेश निवासी मोहल्ला मिश्रवाड़ा से खरीदता था। इस जानकारी के आधार पर सीआईए ने कार्रवाई करते हुए लोकेश को गिरफ्तार किया। इसके बाद आरोपित लोकेश से की गई पूछताछ में नशीले पदार्थों की खरीद-फरोख्त से जुड़ी एक और कड़ी सामने आई। पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने रितेश निवासी मोहल्ला दशमेश नगर को भी मामले में गिरफ्तार कर लिया। इस प्रकार पुलिस ने एक के बाद एक सामने आई कड़ियों को जोड़ते हुए नशीले पदार्थों की खरीद-फरोख्त से जुड़े दो अन्य आरोपितों तक पहुंचने में सफलता हासिल की।



नारनौल। पुलिस गिरफ्त में आरोपित।



पक्षी जगत / शिखर चंद जैन

अनोखी खूबियों वाले अमेजिंग बर्ड्स

बच्चो, तुमने अपने आस-पास या चिड़ियाघर में कई तरह के पक्षी देखे होंगे। लेकिन क्या ऐसे पक्षियों के बारे में जानते हो, जो हवा में हेलीकॉप्टर की तरह उड़ सकते हैं, मिसाइल जैसी रफ्तार से गोता लगा लेते हैं या जो किसी भी आवाज की नकल कर लेते हैं? यहां हम तुम्हें ऐसी ही अनोखी खूबियों वाले कुछ पक्षियों के बारे में बता रहे हैं।

हमिंग बर्ड उड़ने वाला हेलीकॉप्टर

हमिंग बर्ड, दुनिया का सबसे छोटा पक्षी तो है ही। इसके पास ऐसी काबिलियत भी होती है, जो किसी अन्य पक्षी के पास नहीं है। यह अकेला ऐसा पक्षी है, जो पीछे की तरफ भी(उल्टा) उड़ सकता है, दाएं-बाएं मुड़ सकता है और हवा में एक ही जगह पर बिना हिले-डुले स्थिर रह सकता है। यह एक सेकेंड में 50 से 80 बार तक अपने पंख फड़फड़ा सकता है। इस दौरान इनके पंखों से 'हमिंग' (भिनभिनाने) की आवाज आती है, इसीलिए इसे हमिंग बर्ड नाम दिया गया है। हमिंग बर्ड के पंखों का जोड़ा 180 डिग्री तक घूम सकता है, जिससे यह किसी हेलीकॉप्टर की तरह हर दिशा में कलाबाजी खा सकता है। इसका हृदय भी एक मिनट में 1,200 से भी ज्यादा बार धड़कता है। अपने शरीर में ऊर्जा बनाए रखने के लिए इसे हर 10-15 मिनट में भोजन की आवश्यकता होती है। हमिंग बर्ड की याददाश्त बहुत तेज होती है। इसे वह जगह और फूल तक याद रहता है, जहां जिस फूल से इसने पहले रस पिया होता है। *



पेरेग्रिन फाल्कन आसमान की मिसाइल

पेरेग्रिन फाल्कन यानी शाहीन बाज, सबसे तेज गति से हवा में गोता लगा लेता है। जब यह शिकार करने के लिए आसमान से सीधे नीचे की ओर गोता लगाता है, तो इसकी रफ्तार 320 से 390 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच जाती है, जो हाई स्पीड बुलेट ट्रेन से भी तेज है! इस तेज गति से उड़ते समय जब हवा इसके नथुनों में टकराती है, तो फेफड़े फटने का खतरा होता है। लेकिन कुदरत ने इसकी नाक के अंदर छोटे-छोटे विशेष शंकु जैसी संरचना बनाई है, जो हवा के दबाव को नियंत्रित करते हैं। इसकी आंखों में एक विशेष पारदर्शी झिल्ली होती है, जो तेज हवा में भी चश्मे की तरह काम करती है और बिना पलक झपकाए शिकार को तेजी से झपटने में मदद करती है। *

लायर बर्ड जंगल का साउंड रिकॉर्डर

ऑस्ट्रेलिया के घने जंगलों में पाया जाने वाला लायर बर्ड, दुनिया का सबसे बड़ा और चतुर नकलची पक्षी है। इसके स्वर-यंत्र की संरचना इतनी जटिल और विकसित होती है कि यह अपने आस-पास सुनी गई किसी भी ध्वनि की हूबहू नकल कर सकता है। जंगल के अन्य दर्जनों पक्षियों की आवाजों के अलावा, लायर बर्ड इंसानों द्वारा बनाई गई मशीनों की आवाजें जैसे कार का हॉर्न, कैमरे के शटर की क्लिक, कुल्हाड़ी की चोट, चेनसॉ (लकड़ी काटने की आरी), मोबाइल फोन की रिंगटोन और यहां तक कि बच्चों के रोने की आवाज भी बिल्कुल सटीक पिच के साथ निकाल लेता है। नर लायर बर्ड, अकसर मादा को रिझाने के लिए इन सभी आवाजों का एक अनोखा म्यूजिकल ऑर्केस्ट्रा जैसी ध्वनि उत्पन्न करता है। *



शुतुरमुर्ग एक्सप्रेस रनर

शुतुरमुर्ग उड़ नहीं सकता, लेकिन यह पृथ्वी का सबसे बड़ा, भारी और ऊंचा पक्षी है। उड़ने की कमी को यह अपनी जमीन पर दौड़ने की बेजोड़ क्षमता से पूरा करता है। शुतुरमुर्ग 70 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से लगातार दौड़ सकता है और एक ही छलांग में 3 से 5 मीटर की दूरी तय कर लेता है। इसके पैरों में केवल दो अंगुलियां होती हैं, जो इसे दौड़ते समय बेहतरीन ग्रिप और गति देती हैं। इसके पैर इतने शक्तिशाली और मजबूत मांसपेशियों से बने होते हैं कि इसकी केवल एक किक से शेर या तेंदुए जैसे खतरनाक शिकारी की भी हड्डी टूट सकती है या उसकी मौत हो सकती है। *



वुडपेकर नेचुरल ड्रिल मशीन

वुडपेकर यानी कठफोड़वा पेड़ों के सख्त तनों में छेद करके कीड़े ढूंढ़ने के लिए अपनी चोंच से लकड़ी पर तेजी से वार करता है। यह एक सेकेंड में लगभग 20 बार और एक दिन में 8,000 से 12,000 बार लकड़ी पर चोट करता है। जब यह चोट करता है, तो इसके सिर पर लगने वाला झटका इंसान को लगने वाले किसी गंभीर एक्सीडेंट के झटके से 10 गुना ज्यादा होता है। इतने भीषण झटकों के बावजूद इसके दिमाग में जरा-सी भी चोट नहीं आती। इसकी खोपड़ी में स्पंज जैसी छिद्रयुक्त हड्डियां होती हैं, जो झटके को सोख लेती हैं। इसकी जीभ बेहद लंबी होती है, जिसे यह अपने सिर के चारों तरफ लपेटकर एक नेचुरल सीटबेल्ट की तरह काम लेता है। *



नए जमाने की ट्रेंडिंग डॉल मिरूमी

डॉल्स सभी बच्चों को खूब भाती हैं। आजकल तो अमेजिंग टेक्नोलॉजी से लैस कुछ ऐसी डॉल्स मिलती हैं, जो तुम्हें हैरत में डाल देंगी। ऐसी ही एक प्यारी-अनोखी जापानी डॉल है- मिरूमी। बच्चे-बड़े सभी को मिरूमी डॉल खूब पसंद आ रही है। इसके बारे में जानो कुछ रोचक बातें।

टेक्नो-ट्वॉय

अंजू जैन



बच्चो, मिरूमी कोई साधारण डॉल नहीं, यह जापान की मॉडर्न टेक्नोलॉजी से बनी एक छोटी इंटरेक्टिव रोबोट डॉल है, जो अपने क्यूट बिहेवियर से सभी का दिल जीत रही है।

कहां से हुई मिरूमी की शुरुआत: मिरूमी डॉल की शुरुआत जापान के टोक्यो शहर से हुई है। इसे युकाई इंजीनियरिंग नाम की एक प्रसिद्ध रोबोटिक्स कंपनी ने बनाया है। 'मिरूमी' नाम दो जापानी शब्दों से मिलकर बना है 'मिरू', जिसका अर्थ है 'देखना' और 'नुइगुरूमी', जिसका अर्थ है 'भरा हुआ खिलौना' यानी स्टफ्ड टॉय। इसे बनाने की प्रेरणा जापानी लोककथाओं के जादुई जीव 'यो काई' और एक छोटे बच्चे की मासूम हरकतों से ली गई है।

बहुत खास और जीवंत है मिरूमी: मिरूमी डॉल में एडवांस सेंसर और मोटर लगे हैं, जिससे यह स्पर्श और आवाज पर रिएक्ट करती है। जब कोई इसे प्यार से थपथपाता है, तो यह अपनी गर्दन हिलाती है। अगर कोई अजनबी इसके बहुत करीब आता है, तो यह शरमाकर अपना चेहरा दूसरी तरफ घुमा लेती है। जब कोई इसे देखता है, तो यह उसे ऐसे देखती है, जैसे कोई छोटा बच्चा देख रहा हो। जब इसकी बैटरी कम होती है, तो यह थकने का नाटक करती है, धीरे-धीरे अपना सिर हिलाने लगती है। मिरूमी की ये प्यारी हरकतें किसी का भी दिल खुश कर सकती है। यही वजह है कि इसे 'स्ट्रेस रिलीफ' करने वाले खिलौने के रूप में पसंद किया जा रहा है।



साथ रखना है आसान: बच्चो, इस क्यूट-सी डॉल मिरूमी को तुम कभी भी, कहीं भी अपने साथ कैरी कर सकते हो। इसके लंबे हाथ होते हैं, जो इसे आसानी से तुम्हारे बैग के स्ट्रैप या बेल्ट से चिपके रहने में मदद करते हैं। इसे बैग एसेसरी के रूप में लगाना आजकल फैशन बन गया है। इसे रिस्ट बैंड की तरह हाथों में भी पहना जा सकता है। जिनके पास मिरूमी डॉल है, वे इससे इतना लगाव महसूस करते हैं कि इसके लिए छोटे-छोटे स्वेटर, स्कार्फ और चश्मा भी खरीदने लगे हैं।

बच्चों को बनाती है संवेदनशील: मिरूमी डॉल बच्चों को संवेदनशीलता सिखाती है। जब कोई बच्चा देखता है कि मिरूमी 'डर' रही है या 'शरमा' रही है, तो वह उसे पुचकारता है, जिससे बच्चे के अंदर देखभाल करने की भावना विकसित होती है। *

मिरूमी की कुछ अन्य खासियतें

बच्चो, मिरूमी डॉल में कुछ और भी विशेषताएं हैं, जो इसे बहुत खास बनाती हैं-

आई-कॉन्टेक्ट तकनीक: इसमें एक विशेष 'अटेंशन सेंसर' लगा है। यह कमरे में मौजूद इंसानी चेहरे को पहचानती है। अगर तुम इसे 3 सेकेंड से ज्यादा देखोगे, तो यह भी तुम्हारी आंखों में आंखें डालकर देखेगी।

धड़कता है मिरूमी का दिल: अगर तुम मिरूमी को अपने सीने से सटाकर पकड़ते हो, तो तुम्हें इसके अंदर एक हल्की धड़कन जैसा महसूस होगा।

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

प्रेरणादायी-रोचक कहानियां

बच्चो, हाल ही में तुम्हारे लिए प्रेरणादायक-रोचक कहानियों का एक संग्रह छपकर आया है, नाम है- टाइम मशीन और ज्ञान का खजाना। राजकुमार जैन 'राजन' द्वारा लिखी गई इस किताब में कुल ग्यारह कहानियां हैं। इन सभी कहानियों के रंग अलग-अलग हैं। 'पारुल का सपना' कहानी में उसका पायलट बनने का सपना इसीलिए पूरा होता है कि इसके लिए उसने जी-तोड़ मेहनत की और अपनी ट्रेनिंग पूरी करके सफल पायलट बन गई। 'पौधारोपण का महत्व' कहानी में दादाजी की यह बात बहुत महत्त्वपूर्ण और उपयोगी है कि वृक्षों से हरियाली तो रहती ही है, हमारा पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है। प्लास्टिक का उपयोग कितना खतरनाक है, यह 'प्लास्टिक मुक्त' गांव कहानी पढ़कर जाना जा सकता है। 'खिलौना रोबोट' कहानी में यह तथ्य छिपा हुआ है कि माता-पिता बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कभी-कभी उनकी हर बात न मानकर कुछ बातों के लिए मना भी कर देते हैं। 'सच्ची दीवाली' कहानी का यह उद्देश्य है कि दीवाली जैसे त्योहार का मतलब सिर्फ रोशनी करना ही नहीं होता है, बल्कि एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ देना ही त्योहार का असली उद्देश्य होता है। किताब की शीर्षक कहानी 'टाइम मशीन और ज्ञान का खजाना' में दो महत्त्वपूर्ण बातें सामने आती हैं- एक, अगर लगन हो तो संसाधनों के अभाव में भी शिक्षा प्राप्त की जा सकती है। दूसरी, ज्ञान जितना बांटा जाता है हमेशा वह बढ़ता ही जाता है। 'दीपू ने ठग पकड़वाए' कहानी में तुम पढ़ोगे कि किस तरह दीपू ने बड़ी चतुराई और सूझबूझ से ढोंगी व्यक्ति का भंडाफोड़ किया और उसको पुलिस के हवाले करा दिया। संग्रह की अंतिम कहानी 'बच्चों का वाचनालय' शिक्षा के विस्तार से जुड़ी हुई है। ऐसे ही इस संग्रह की अन्य कहानियां भी तुम्हारा मनोरंजन करने के साथ-साथ तुम्हें कुछ-न-कुछ सिखाएंगी। *



किताब: टाइम मशीन और ज्ञान का खजाना (कहानी संग्रह), **लेखक:** राजकुमार जैन 'राजन', **मूल्य:** 200 रुपए, **प्रकाशक:** ज्ञानमुद्रा पब्लिकेशन, भोपाल



कहानी

रवि प्रकाश

क्लास की खिड़की का शीशा टूटा तो इसके लिए आर्यन को दोषी माना गया, क्योंकि उसकी छवि एक शरारती लड़के की थी। एक छात्रा ने सच बताया, वास्तव में शीशा किससे टूटा? एक सच्ची लड़की की प्रेरक कथा।

सच का साहस



एआई इमेज

टन-टन-टन..!' लंच ब्रेक की घंटी बजते ही क्लास में शांत बैठे बच्चों का शोर-शराबा शुरू हो गया। वे टिफिन खोलने लगे, हंसते हुए बात करने लगे। सिक्सथ क्लास की मीरा अपनी सादगी और शांत स्वभाव के लिए जानी जाती थी। वह अभी अपनी जगह से उठी ही थी कि पीछे से दौड़कर आती एक बच्ची का धक्का लगा। वह पास की खिड़की से जा टकराई। जोर की आवाज हुई, 'चटाक!' खिड़की का शीशा टुकड़ों में फर्श पर बिखर गया।

पूरी क्लास में सन्नाटा छा गया। क्लास मॉनिटर ने दबी आवाज में कहा, 'अरे मीरा! यह तो बहुत महंगा शीशा था। मिश्रा सर अभी आते ही होंगे, वे बहुत गुस्सा करेंगे।'

तभी मिश्रा सर क्लास में दाखिल हुए। टूटे हुए शीशे को देखते ही उनकी भौंहें तन गईं, कड़क आवाज में बोले, 'यह किसने तोड़ा ?' सब सिर झुकाए खड़े थे। मिश्रा सर की नजर कक्षा के सबसे नटखट लड़के आर्यन पर जा टिकी। वह अकसर शरारतें करता था, लेकिन आज वह चुपचाप अपनी सीट पर बैठा था। 'आर्यन! मुझे पता है, यह तुम्हारी ही हरकत होगी। खड़े हो जाओ!' मिश्रा स्वर गुस्से से बोले।

आर्यन घबरा गया, 'नहीं सर... मैंने नहीं तोड़ा है शीशा, सचमुच..।' लेकिन उसकी बात पर मिश्रा सर को यकीन नहीं हुआ। उनके दिमाग में आर्यन की छवि एक शरारती लड़के की जो थी। उधर मीरा का दिल तेज धड़क रहा था। वह कुछ बोलना चाहती थी, पर शब्द जैसे गले में ही अटक गए। उसकी सहेली बहुत धीरे से बोली, 'मीरा, चुप रह। सर तो आर्यन को डांट रहे हैं, तुम्हें कुछ नहीं होगा।'

मीरा के मन में दो आवाजों के बीच जैसे युद्ध छिड़ गया। एक आवाज कह रही थी, 'चुप रहो, डांट से बच जाओगी।' दूसरी आवाज कह रही थी, 'सच बोलो, निर्दोष को मत फंसने दो।'

तभी उसे अपनी दादी मां की कही बात याद आई, 'गलत करके चुप रहना, अपने आपको धोखा देना है। तुम्हारी गलती की सजा किसी और को मिले, यह तो एक प्रकार से पाप है।'

मीरा की टांगें कांप रही थीं, लेकिन उसने पूरी हिम्मत जुटाई और हाथ ऊपर उठाकर बोली, 'सर!' उसकी आवाज पहले थोड़ी लड़खड़ाई, फिर संभलकर बोली, ' खिड़की का शीशा आर्यन ने नहीं तोड़ा, मुझसे टूटा है। मैं मुड़ रही थी, गलती से मेरा हाथ लग गया। मुझे माफ कर दीजिए सर।'

मिश्रा सर का गुस्सा पल भर में शांत हो गया। उन्होंने आर्यन को बैठने का इशारा किया और पूरी क्लास की ओर मुड़े और शांत भाव से बोले, 'टूटा हुआ कांच बदला जा सकता है, लेकिन कोई गलत काम करके एक बार नजरों से गिर जाए, तो हमेशा के लिए विश्वास-भरोसा खो देता है। मीरा ने आज सच बोलकर एक साहस का काम किया है, सबका दिल जीता है। अपनी गलती स्वीकार करना, बहुत हिम्मत का काम है।'

यह सुनकर बच्चों ने एकसाथ क्लैपिंग की। मीरा सच बोल कर मन ही मन बहुत हल्का महसूस कर रही थी। *

कविता

शादाब आलम



एआई इमेज

पिप्पी एक पपी लाई

विद्यालय से घर आई है
पिप्पी एक पपी लाई है।
उसे खूब उसने नहलाया
झाड़ा, पोछा, तेल लगाया।
मां बोलीं, क्यों इसको लाई
कौन करेगा साफ-सफाई?
पापा भी बोले, पल भर में
बहुत गंदगी होगी घर में
दादी बोलीं, पान चबाकर
इसे छोड़ दे बाहर जाकर
सबके पास समय की किल्लत
कौन करेगा इसकी खिदमत?
बात सुनी पिप्पी ने सबकी
और पपी को दी फिर थपकी
बोली उसको गोदी लेकर
मैं हूं इसकी केयरटेकर।



कविता / गिरिजा कुलश्रेष्ठ

एक रूप रुपहला तारा

एक रूप रुपहला तारा
जैसे थाली भर पारा
या परी भुलक्कड़ भूली
अपना सिंगार पिटारा
एक झिलमिल सा आईना
टीका है जड़ा नगीना
नीले सरुवर में मानो
एक श्वेत कमल रसभीना
नभ की दीवार घड़ी है
बिंदी जो रतन जड़ी है
खा लो, है बर्फ का गोला
खेलो वह बॉल पड़ी है
यह चांदी का सिक्का है
या ताश तुरुप इक्का है
कुरमुर पापड़ चावल का
या आलू का टिक्का है
क्या साइज है इडली का!
या प्याला भरा दही का
मीठा लड्डू मावा का
या घेवर फीका-फीका?
रबड़ी का भरा कटोरा
बिखरा मिसरी का बोरा
मां धरती नीली-नीली
पर मामा गोरा-गोरा।

जीके क्विज-228

1. हाल ही में भारतीय नौसेना में शामिल किए गए पहले स्वदेशी बहुउद्देशीय युद्धपोत का क्या नाम है?
2. शरद पूर्णिमा को किस महान ऋषि की जयंती मनाते हैं?
3. वर्ष 2026 के लिए भौतिकी (फिजिक्स) का नोबेल पुरस्कार किसे प्रदान किया जाएगा?
4. कंप्यूटर के किस हिस्से को उसका मस्तिष्क कहा जाता है?
5. राष्ट्रीय एकता दिवस कब मनाया जाता है?
6. भारत की संसद के निचले सदन को क्या कहते हैं?
7. भारत में दिया जाने वाला सर्वोच्च नागरिक सम्मान कौन-सा है?
8. आंवला में कौन-सा विटामिन पाया जाता है?
9. स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री कौन थे?
10. भारत का सबसे ऊंचा पर्वत शिखर कौन-सा है?



बच्चो, जीके क्विज-228 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-227 का उत्तर: 1. नवी पिल्लै, 2. ऐनी कार्सन, 3. मध्य प्रदेश, 4. आशुतोष दीक्षित, 5. बौद्ध धर्म, 6. 11, 7. विष्णु शर्मा, 8. न्यूयॉर्क सिटी, 9. चिल्का झील, 10. कैनबरा

जीके क्विज-227 का सही उत्तर देने वाले: कबीर-हिसार, यशस्वी-ईमेल से, धृष-दिल्ली, रोहित-राजानांदगांव, निशिता-भोपाल, अवियांश-बलौदा बाजार, देविषा-महासमुंद, लाभ्या-झज्जर, श्रुति-रोहतक, माधव-बिलासपुर, राशि-हिसार

रंग भरो-213

रंग भरो-213 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





सान्वी, बिलासपुर



वसनी, रायपुर



मानित, रोहतक



कुंजल, रायपुर



दीक्षा, धमतरी



आंचल, बिलासपुर

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सावी-बिलासपुर, प्रिया-धमतरी, तृषा-रायपुर, काश्वी-रायपुर, भव्या-बिलासपुर, सुमन-भिवानी, माधव-जांजगीर, सविता-कटनी, दिनेश-दिल्ली, राजेश-धमतरी, पंकज-गुना, विनेश-करनाल, सौरभ-बिलासपुर, रानी-कोरबा, सुमन-भोपाल

रंग भरो 214



बच्चो, यहां तालाब में तैर रही डक और डकलिंग्स का प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, G-65, बालीनगर, नई दिल्ली-110015 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

रेल यात्रियों ने स्टेशन अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

मदार-रोहतक एक्सप्रेस के समय में बदलाव की मांग

ट्रेन को सुबह 8:30 बजे नारनौल से रवाना कर 9:30 बजे रेवाड़ी पहुंचाने की उठी मांग, जनवरी 2025 से चल रहा है अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते दैनिक रेल यात्री संघ के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

दैनिक रेल यात्री एवं जन कल्याण संघ ने मदार-रोहतक एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 09639/09640) की समय-सारिणी में बदलाव की मांग को लेकर आंदोलन तेज कर दिया है। संघ ने रेलवे स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर ट्रेन को नारनौल से सुबह 8:30 बजे रवाना करने और रेवाड़ी सुबह 9:30 बजे तक पहुंचाने के अनुरूप समय निर्धारित करने का अनुरोध किया है। इस संबंध में अजमेर और जयपुर मंडल के रेल अधिकारियों को भी ज्ञापन भेजे गए हैं।

संघ का तर्क है कि वर्तमान समय-सारिणी यात्रियों के अनुकूल नहीं होने के कारण सुबह के समय इस ट्रेन में यात्रियों की संख्या काफी कम रहती है। यदि ट्रेन का समय नौकरीपेशा लोगों और व्यापारियों की जरूरत के हिसाब से तय किया जाए तो न केवल नारनौल, बल्कि अटेली, कनीना और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों दैनिक यात्रियों को रेवाड़ी जाने के लिए एक सुविधाजनक विकल्प मिल सकेगा।

ट्रेन में यात्री भार बढ़ेगा और रेलवे की आय में भी वृद्धि होगी

संघ का मानना है कि इससे ट्रेन में यात्री भार बढ़ेगा और रेलवे की आय में भी वृद्धि होगी। संघ के अध्यक्ष गणेश शर्मा रेल मित्र ने बताया कि यह मांग नई नहीं है। वे आठ जनवरी 2025 से लगातार इस मुद्दे को रेलवे प्रशासन के समक्ष उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नारनौल से रेवाड़ी, गुड़गांव और दिल्ली की ओर जाने वाले दैनिक यात्रियों की संख्या बहुत अधिक है। सुबह के समय एक अच्छी ट्रेन न होने के कारण लोगों को निजी वाहनों या बसों पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे समय और पैसा दोनों अधिक खर्च होता है। यदि मदार-रोहतक एक्सप्रेस का समय सुबह 8:30 बजे कर दिया जाता है, तो यह नौकरी, व्यापार और पढ़ाई के लिए जाने वाले लोगों के लिए वरदान साबित होगी।संघ के उपाध्यक्ष पूनम चंद फौजदार ने कहा कि मौजूदा समय में सुबह के वक्त नारनौल से रेवाड़ी के लिए सीधी ट्रेन की कमी है। मदार-रोहतक एक्सप्रेस के समय में परिवर्तन होने से यात्रियों को सुबह के समय एक अतिरिक्त और सुविधाजनक विकल्प मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि इससे अजमेर जनशताब्दी जैसी आरक्षित ट्रेनों पर अनारक्षित यात्रियों का अनावश्यक दबाव भी कम होगा, क्योंकि जनशताब्दी में बिना रिजर्वेशन यात्रा करने वालों की भीड़ रहती है। ज्ञापन सौंपते समय संजय शर्मा पटीकरा, एडवोकेट अमन जैन, शिवकुमार, देवेंद्र, हितेश और कालू सैनी सहित संघ के कई सदस्य मौजूद रहे। संघ ने रेलवे प्रशासन से इस जनहित की मांग पर सकारात्मक और शीघ्र निर्णय लेने की अपील की है।

माजरा खुर्द में बाबा भैया का भंडारा 25 को

महेंद्रगढ़। माजरा खुर्द में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा भैया का भंडारा 25 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। भंडारे का आयोजन माजरा चुंगी स्थित गैस गोदाम के नजदीक किया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर आयोजकों और ग्रामवासियों में उत्साह है। प्रधान बलवंत बोहरा ने बताया कि भंडारे की व्यवस्थाएं उपप्रधान उम्मेद सिंह, डॉ. बरिंद्र यादव, शोनंद रामप्रसाद, शुभ रामबाबू, लीलाराम, प्रधान दलेर, शीशराम, उदय, उमेद थानेदार सहित अन्य ग्रामीणों के सहयोग से की जाएंगी। आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी सदस्य और ग्रामवासी मिलकर सहयोग कर रहे हैं। इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालु बाबा भैया के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण करेंगे।

एसडीएम कार्यालय में टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना



कनीना। बैठक में दिशानिर्देश देते एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह अहलावत।

उपमंडल स्तर पर टीबी की रोकथाम और जन जागरूकता को लेकर एसडीएम कार्यालय में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता उपमंडल अधिकारी डॉ. जितेंद्र सिंह अहलावत ने की। इस दौरान क्षेत्र को पूरी तरह टीबी मुक्त बनाने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग, प्रशासनिक और सामाजिक स्तर पर किए जा रहे प्रयासों पर विस्तार से चर्चा की गई। एसडीएम ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान को जन आंदोलन का रूप देना जरूरी है। समय रहते संभावित मरीजों की पहचान, जांच और समय पर पूरा इलाज सुनिश्चित करने के लिए सभी विभाग मिलकर काम करें। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में पोषण और दवा वितरण को लेकर निगरानी तंत्र को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। इस मौके पर डीएसपी ऋषि कांत शर्मा, बीडीपीओ राजेश कुमार, उप नागरिक अस्पताल की एसएमओ डॉ. रेनु वर्मा, रेडक्रॉस ब्लॉक कोऑर्डिनेटर दीपक वशिष्ठ, पार्षद होशियार सिंह, आयुष अधिकारी डॉ. नेहा यादव, महिला एवं बाल विकास सुपरवाइजर पूजा खींची, मीनाक्षी यादव, लोकेश कुमार, नपा वाइस चेयरमैन सूबेसिंह, एसटीस पवन, सुनील आदि मौजूद थे।

सहगल फाउंडेशन ने देवास में लगाया स्वास्थ्य शिविर

- 153 लोगों ने उठाया स्वास्थ्य जांच लाभ, रेड क्रॉस सोसायटी का भी रहा सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। कैंप में आए लोग। फोटो :हरिभूमि

सहगल फाउंडेशन ने जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से गांव देवास में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया। इस शिविर के दौरान 153 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। आवश्यकता के अनुसार लोगों को चिकित्सकीय परामर्श, उपचार एवं निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गईं।

शिविर में नारनौल स्थित जयपुर हार्ट एवं जनरल अस्पताल से डॉ. अभिषेक शर्मा ने ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की और उनकी विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को सुनकर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श और स्वास्थ्य एवं देखभाल के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। रेड क्रॉस सोसाइटी की टीबी कोऑर्डिनेटर शोभा रानी तथा सब सेंटर देवास से हिमांशु ने जांच एवं जागरूकता गतिविधियों में सहयोग किया। उन्होंने ग्रामीणों को टीबी के लक्षण, बचाव, समय पर जांच और उपचार के महत्व के बारे में जानकारी दी।

साथ ही संतुलित एवं पौष्टिक आहार अपनाने, स्वच्छता बनाए रखने तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र लाभार्थियों को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

इनका रहा सहयोग

शिविर के सफल आयोजन में सहगल फाउंडेशन की ओर से रामदिया, संजय अलोरिया, वीरेंद्र, मनीषा, अनुज, कृष्ण, एवं पूजा ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं, टीबी जागरूकता, पोषण, सरकारी योजनाओं तथा बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों के लिए उपलब्ध सहायता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई।

आरपीएस डिग्री कॉलेज में छात्रों के उज्ज्वल भविष्य पर विशेषज्ञ व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए। फोटो हरिभूमि

आरपीएस डिग्री कॉलेज के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा छात्रों के उज्ज्वल भविष्य और करियर मार्गदर्शन के उद्देश्य से एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. यशपाल शर्मा रहे।

रसायन विज्ञान से उद्योग तक : करियर के रास्ते और आवश्यक कौशल का खाका विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा रसायन विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं और सैद्धांतिक अवधारणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आधुनिक उद्योग और नवाचार की रीढ़ है। फार्मास्युटिकल, पेट्रोकेमिकल्स, एग्रोकेमिकल्स, खाद्य प्रसंस्करण और सामग्री विज्ञान जैसे क्षेत्रों में आज रसायन विज्ञान के स्नातकों के लिए अपार संभावनाएं मौजूद हैं। केवल किताबी ज्ञान से उद्योग जगत की चुनौतियों का सामना नहीं किया जा सकता। संस्था की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव एवं सीईओ मनीष राव ने कहा कि इस प्रकार के विशेषज्ञ व्याख्यान विद्यार्थियों को अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक और औद्योगिक दुनिया की बारीकियों को समझने में बेहद सहायक सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम के दौरान कुलसचिव डॉ. देवेंद्र यादव, निदेशक डॉ. महेश यादव तथा प्राचार्य डॉ. देवेंद्र सिंह कादियान ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में केवल डिग्री हासिल करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उद्योग की मांग के अनुरूप खुद को कुशल व अद्यतन बनाए रखना आवश्यक है।

2 किलो 44 ग्राम नशीले पदार्थ गांजा के साथ एक नशा तस्कर दबोचा

धारूहेड़ा। सीआईए धारूहेड़ा की टीम ने नशा तस्करी पर कड़ी कार्रवाई करते हुए 2 किलो 44 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ गांजा सहित एक आरोपी तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान अमित शर्मा निवासी गांव रानीताल जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश हाल किरायेदार मोहल्ला हरिनगर धारूहेड़ा के रूप में हुई है। बुधवार रात्रि सीआईए को सूचना मिली कि धारूहेड़ा के मोहल्ला हरिनगर स्थित गली नंबर-4 में एक किराए की बिल्डिंग के सामने एक युवक अवैध रूप से नशीला पदार्थ गांजा बेचने का धंधा कर रहा है। सूचना पर सीआईए टीम ने मौके से युवक को दबोच लिया।



गनियार गांव की बेटी पारुल ने बैडमिंटन में जीते दो स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली



मंडी अटेली। पारुल रानी को ट्रॉफी और स्वर्ण पदक देकर सम्मानित करते हुए।

चंडीगढ़ सब-जूनियर स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 में अटेली क्षेत्र के गांव गनियार की बेटी पारुल रानी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक जीतकर अपने परिवार, गांव और स्कूल का नाम रोशन किया है। चंडीगढ़ के खालसा स्कूल की छात्रा पारुल ने अंडर-17 आयु वर्ग की गर्ल्स सिंगल्स और डबल्स स्पर्धाओं में शानदार खेल का प्रदर्शन किया। दोनों स्पर्धाओं के फाइनल मुकाबले जीतकर उन्होंने अपनी प्रतिभा और मेहनत का परिचय दिया। सेक्टर-27 का प्रतिनिधित्व कर रहीं पारुल रानी ने गर्ल्स सिंगल्स अंडर-17 के खिताबी मुकाबले में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी रिद्धिमा सैनी को सीधे सेटों में 15-सात और 15-आठ से हराया। इस जीत के साथ पारुल ने प्रतियोगिता का पहला स्वर्ण पदक अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में उन्होंने शुरुआत से ही बेहतर तालमेल और आक्रामक खेल दिखाते हुए प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी पर दबाव बनाए रखा। इसके बाद गर्ल्स डबल्स अंडर-17 स्पर्धा में भी पारुल का शानदार प्रदर्शन जारी रहा। उन्होंने अपनी जोड़ीदार जया वर्मा के साथ मिलकर फाइनल मुकाबले में कबित अनहद कौर और रिद्धिमा सैनी की जोड़ी को 15-पांच और 15-10 से पराजित किया।

रचनात्मक प्रतियोगिताओं के जरिए छात्राओं की प्रतिभा को मिला मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली



मंडी अटेली। निबंध लेखन एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

महंत खेतानाथ राजकीय महाविद्यालय सिहमा में बुधवार को महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में छात्राओं के लिए निबंध लेखन एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं का उद्देश्य छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा को बढ़ावा देना और उनमें लेखन कौशल, तार्किक चिंतन तथा विचार अभिव्यक्ति की क्षमता विकसित करना रहा। प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा और रचनात्मक विचारों का प्रदर्शन किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में भावना ने प्रथम, सुषमा ने द्वितीय तथा सारिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में मुस्कान प्रथम, सारिका द्वितीय और सुषमा तृतीय स्थान पर रहीं। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियां छात्राओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इनसे छात्राओं का आत्मविश्वास बढ़ता है और उन्हें अपनी प्रतिभा व विचारों को प्रस्तुत करने का अवसर मिलता है। महिला प्रकोष्ठ के सदस्यों ने भी छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें भविष्य में आयोजित होने वाली शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। वहीं कार्यक्रम का समापन प्रतिभागियों और आयोजन में सहयोग देने वाले प्राध्यापकों के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ हुआ।

एमआर स्कूल अटेली में स्काउट्स को प्रमाण पत्र किए गए वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। एमआर स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

अटेली स्थित एमआर पब्लिक स्कूल में हिंदुस्तान स्काउट एवं गाइड हरियाणा की ओर से 21 अगस्त से 25 अगस्त तक विद्यालय स्तरीय स्काउटस कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया था। इस कैंप में विद्यार्थियों को देश के प्रति जिम्मेदारी और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान के कर्तव्य से अवगत करवाया गया था। इसके साथ-साथ महामारी, बाढ़, भूकंप, तूफ़ान ,सुनामी आदि आपात स्थितियों में देश के लिए जिम्मेदार नागरिक बनकर अपनी अहम भूमिका निभाने की ट्रेनिंग दी गई थी।

किया सम्मानित

आज हिंदुस्तान स्काउट्स की ओर से आए अधिकारियों ने विद्यालय पहुंचकर कैंप में शामिल हुए विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा साथ-साथ बेस्ट स्काउट को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। चेयरमैन सियाराम यादव ने विद्यालय में पधारे स्काउटस विभाग की ओर से अधिकारियों का स्वागत किया। इस मौके पर प्राचार्य मनोज कुमार व स्टाफ भी हाजिर रहा।

पेड़ से लटका मिला युवक का शव

रेवाड़ी। खटावली से राजपुरा की ओर जाने वाली नहर के किनारे एक युवक का शव पेड़ से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। घटनास्थल पर सीन ऑफ क्राइम टीम को भी बुलाया गया। वीरवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि नहर किनारे एक पेड़ पर युवक का शव लटका हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की। मृतक की पहचान सुरेंद्र निवासी गांव गोंडा प्रवाह जिला लखीमपुर खीरी उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। मृतक की उम्र करीब 22 वर्ष बताई जा रही है। वह रेवाड़ी क्षेत्र में मजदूरी करने के लिए आया हुआ था। पुलिस के अनुसार मृतक के भाई ने बताया कि सुरेंद्र बीती रात से लापता था। तलाश के दौरान नहर की ओर जाने वाले क्षेत्र में उसका शव पेड़ से लटका मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

जिला स्तरीय बाल महोत्सव : 290 छात्र-छात्राओं ने सोलो डांस तथा ग्रुप डांस प्रतियोगिताओं में दीं प्रस्तुतियां

बाल भवन में दूसरे दिन 290 विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। प्रतियोगिता के दौरान अपनी प्रस्तुति देती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की महासचिव मीना कंबोज के दिशा निर्देशानुसार तथा जिला बाल कल्याण परिषद की अध्यक्ष एवं उपायुक्त अनुपमा अंजली के मार्गदर्शन में बाल भवन में आयोजित किए जा रहे आठ दिवसीय जिला स्तरीय बाल महोत्सव के दूसरे दिन विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया। समारोह की शुरूआत पूर्व जिला बाल कल्याण अधिकारी विपिन कुमार शर्मा तथा कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं जिला बाल कल्याण अधिकारी राजेंद्र सिंह ने की। प्रतियोगिता के दूसरे दिन जिले भर के 30 विभिन्न विद्यालयों से आए 290 छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह और प्रतिभा के साथ सोलो डांस तथा ग्रुप डांस प्रतियोगिताओं तृतीय एवं चतुर्थ ग्रुप में अपनी प्रस्तुतियां दीं। मंच संचालन कार्यक्रम अधिकारी विवेक कुमार तथा लिपिक सुरेंद्र शर्मा ने किया। जिला बाल कल्याण अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता प्रतिभागी आगे मंडल स्तरीय (डिविजनल लेवल) प्रतियोगिताओं में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने बताया कि सभी जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के विजेताओं को बाल दिवस के अवसर पर 14 नवंबर को उपायुक्त अनुपमा अंजली द्वारा विशेष समारोह में सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाएगा। 23 अक्टूबर को स्कूली बच्चों के लिए हरियाणवी रागनी (सोलो), दीया/कैंडल डेकोरेशन (द्वितीय ग्रुप) तथा थाली/कलश पूजन डेकोरेशन (तृतीय व चतुर्थ ग्रुप) प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए निर्णायक मंडल की भूमिका राजकीय आरोही मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंढाणा से संगीत प्रवक्ता डॉ. कुसुम लता, सेवानिवृत्त संगीत प्रवक्ता वंदना शर्मा, पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारनौल से संगीत शिक्षक ललित कुमार व ललित कुमार ने निभाई।

प्रतियोगिताओं के परिणाम

सोलो डांस चतुर्थ ग्रुप में आरपीएस स्कूल नारनौल के भानु प्रथम, भारती पब्लिक स्कूल नारनौल की अदिति द्वितीय, आरपीएस स्कूल महेंद्रगढ़ की हिमांशी यादव तृतीय स्थान पर रही। एसडी स्कूल ककराला की महक सांत्वना प्रथम तथा यूरेका स्कूल नारनौल की जया सांत्वना द्वितीय स्थान पर रही। इसी प्रकार ग्रुप डांस तृतीय ग्रुप में आरपीएस स्कूल महेंद्रगढ़ की टीम प्रथम, सूरज स्कूल नारनौल की टीम द्वितीय, आरपीएस स्कूल नारनौल व आरआरसीएम स्कूल कनीना की टीमें संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल नारनौल ने सांत्वना स्थान प्राप्त किया।

एक करोड़ 85 लाख रुपये के विकास कार्यों का हुआ उद्घाटन

कोसली। कोसली के विधायक अनिल यादव ने कहा कि जनसेवा ही उनका सच्चा संकल्प है। कोसली हलके का एक भी गांव विकास कार्यों से वंचित न रहे, उनका यही प्रयास है। विधायक ने गांव बेरली कलां में 1.85 करोड़ की राशि के विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इनमें 80 लाख रुपये की राशि से बने आईटीआई बेरली से चौकी नंबर-2 तक का मार्ग, 65 लाख की राशि से निर्मित बेरली-बालधन कलां जोहड़ तक का रास्ता व 40 लाख रुपये की लागत से बनाए गए गांव के रास्ते एवं जोहड़ का ट्रैक शामिल है। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के मार्गदर्शन में विकास के काम कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोसली हलके के सभी गांव आपस में बढ़िया गुणवत्ता के बने रास्तों से लिंक हों और लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधाएं मिलें, उनका यही प्रयास रहेगा। कार्यक्रम में जाटूसाना पंचायत समिति की चेयरमैन सरोज देवी, नाहड़ ब्लाक के चेयरमैन दुष्यंत सिंह, वाइस चेयरमैन विक्रम, जिला पार्षद जीवन हितैषी, मंडल अध्यक्ष सविता, छोटेलाल, सुरेंद्र, जयवीर यादव, राजकुमार कतोपुरी, उदयभान डागर व बेरली आदि उपस्थित रहे।

NOTICE

I KARTIKEYA S/o SUNIL KUMAR, R/o VILL- NANGAL DARGU, Tehsil-NANGAL CHOUDHARY, Distt-M/garh Haryana, declare that my Actual Name is KARTIKEYA NAINKHWAL (My date of birth 21-05-2005) BUT IN MY ALL DOCUMENTS MY NAME IS KARTIKEYA, MY CORRECT NAME IS **KARTIKEYA NAINKHWAL**, WHICH IS TRUE AND CORRECT TO THE BEST OF MY KNOWLEDGE.

खबर संक्षेप

हाजीपुर के दीपांशु का आरआरबी जेई में चयन

नारनौल। गांव हाजीपुर के युवक दीपांशु पुत्र राजेंद्र सिंह का आरआरबी जेई में चयन हुआ है। दीपांशु ने अपने माता-पिता, परिवार के सदस्यों तथा सभी गुरुजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी सफलता में इन सभी का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। दीपांशु ने अपने शिक्षकों, विद्यालय के अध्यापकों और उन सभी लोगों का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने उनकी शैक्षणिक यात्रा के दौरान उनका उत्साह बढ़ाया और समय-समय पर मार्गदर्शन किया।

मांदी के आदित्य यादव का एडीए पद पर चयन

नारनौल। गांव मांदी निवासी चौधरी अमर सिंह के पौत्र एवं शहर के जाने-माने अधिवक्ता ओमप्रकाश यादव के पुत्र आदित्य यादव का एडीए के पद पर चयन हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, गांव मांदी और आसपास के क्षेत्र में खुशी की लहर है। आदित्य यादव का परिवार शिक्षा, कानून, चिकित्सा और प्रशासनिक सेवा के क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों के लिए विशेष पहचान रखता है। उनके पिता अधिवक्ता ओमप्रकाश यादव जाने-माने अधिवक्ता हैं और न्यायिक क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखते हैं। आदित्य यादव की बहन महिमा यादव एचसीएस अधिकारी हैं तथा उनके बहनोई भी एचसीएस अधिकारी हैं। वहीं उनकी बड़ी बहन डॉ. गरिमा यादव एमडी डिग्री प्राप्त चिकित्सक हैं और उनके बहनोई वरिष्ठ कार्डियक सर्जन हैं।

एचपीएस की पायल ने सीए में हासिल की सफलता

नारनौल। नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल की छात्रा पायल पुत्री मुकेश कुमार ने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा आयोजित सीए इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में सफलता प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सितंबर माह में आयोजित इस परीक्षा का परिणाम वीरवार को घोषित किया गया। पायल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और एचपीएस के गुरुजनों को दिया। कॉमर्स विभाग के एचओडी डॉ. मनोज गर्ग ने पायल की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि वह प्रारंभ से ही होनहार छात्रा रही हैं। डीन मनोज भारद्वाज व प्राचार्य सुनील यादव ने पायल की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



विनोद सुसाइड मामला: सीआईए टीम भिवानी पहुंची आरोपित मिले फरार

अंतिम संस्कार से सीधे एसपी कार्यालय पहुंचे लोग एसपी का आश्वासन...जल्द करेंगे गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

मंगलामुखी समाज के प्रधान विनोद सैनी के सुसाइड के बाद आरोपित अभी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। बताया जा रहा है कि सीआईए नारनौल भिवानी पहुंची थी, लेकिन आरोपित किन्नर वहां नहीं मिले। वहीं आरोपित पक्ष से जुड़े किन्नर गुट की एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। उसमें वह फिल्मी गीत जैसी करनी वैसी भरनी गा रहे है। इसी बात से खफा और अभी तक गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज पीड़ित पक्ष ने वीरवार स्टेडियम के पास स्थित स्वर्ग आश्रम में मृतक विनोद सैनी के शव का अंतिम संस्कार किया और वहां से सीधे मौन स्थिति में लघुसचिवालय स्थित एसपी कार्यालय पहुंचे। एसपी दीपक कुमार नीचे आए और पीड़ित पक्ष को जल्द ही आरोपितों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। इसके बाद पीड़ित पक्ष से जुड़े लोग चुपचाप घर की ओर लौट गए।



नारनौल। अंतिम संस्कार के बाद सीधे लघुसचिवालय पहुंचे लोग।

पीड़िता पत्नी की मांग...सीबीआई करे जांच

मृतक विनोद सैनी की पत्नी बनिता ने बताया कि उनके पति कई वर्षों से किन्नर समाज के लोगों के साथ रहकर काम कर रहे थे। शुरुआत में विनोद बुलबुल के यहां गाड़ी चलाते थे। नारनौल का डेरा भी बुलबुल ने उनके पति को दिया था, ताकि वह अपने परिवार का पालन-पोषण कर सकें। पत्नी ने आरोप लगाया कि समय के साथ विवाद बढ़ता गया और उनके पति को मानसिक रूप से परेशान किया जाने लगा। उन्होंने मामले की सीबीआई जांच कराने की भी मांग।

विनोद की मौत के बाद विरोधी पक्ष के किन्नरों का वीडियो वायरल

इस घटनाक्रम के बाद आरोपित पक्ष से जुड़े किन्नरों की एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। यह वीडियो कब की है, यह स्पष्ट नहीं है। इस वीडियो में जो बोएगा, वो पाएगा, जैसी करनी, वैसी भरनी गाना बज रहा है। साथ ही सत्य की जीत, बुराई की हार लिखा है। इस वीडियो के वायरल होन और पीड़ित पक्ष तक पहुंचने के बाद ओर नाराजगी व गुस्सा देखा गया। पीड़ित पक्ष का कहना था कि आरोपित पक्ष से जुड़े किन्नरों की हिम्मत देंगे, इतनी बड़ा घटनाक्रम होने के बाद भी यह किन्नर गुट किसी को कुछ नहीं समझ रहे और जश्न मना रहे है।

उधर विरोधी खेमा से जुड़े किन्नरों ने जैसी करनी वैसी भरनी गीत पर वीडियो बनाया

आपको बताते चले कि बुधवार सुबह मंगलामुखी समाज के प्रधान विनोद सैनी का शव फंदे से लटका मिला था। मृतका की पत्नी बनिता की ओर से दी गई शिकायत के मुताबिक सुसाइड नोट भी पुलिस को दिया गया है। शिकायत में आरोप है कि किन्नर बुलबुल, महक व टीना की वजह से विनोद सैनी ने आत्महत्या की है। सिटी पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत पर इन दिनों किन्नरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं बताया जा रहा है कि सीआईए नारनौल की टीम बुधवार ही भिवानी आरोपित किन्नर के डेरे पर पहुंची थी, वहां अन्य किन्नर तो मिले पर आरोपित गिरफ्त किन्नर नहीं मिले। इस वजह से टीम वापस लौट आई। इस मामले की जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विरेंद्र सिंह को सौंपी गई है। उनकी अगुवाई में टीम लगातार आरोपितों की तलाश में जुटी है।

एसडीएम को पत्र लिखकर मांगी अतिरिक्त पुलिस फोर्स

एक्शन मोड़ में आए मार्केट कमेटी सचिव गड़बड़ी पर गेट ड्यूटी से ऑपरेटर हटाया

मार्केट कमेटी के सचिव-सह-ईओ जितेंद्र सिंह ने मंडी के इनकमिंग गेट का औचक निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

अनाज मंडी में बाजरे की आवक के दौरान व्यवस्था बनाए रखने और कथित गड़बड़ियों को रोकने के लिए प्रशासन ने सख्त रूख अपनाया है। एक्शन मोड में आए मार्केट कमेटी सचिव जितेंद्र सिंह की ओर से मंडी गड़बड़ी की भनक लगने पर गेट ड्यूटी पर तैनात एक डाटा एंट्री ऑपरेटर के खिलाफ तत्काल अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए शो-काज नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया। वहीं मंडी में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए उपमंडल अधिकारी कनीना से अतिरिक्त पुलिस बल की मांग की गई। बता दें कि मार्केट कमेटी के सचिव-सह-ईओ जितेंद्र सिंह ने मंडी के इनकमिंग गेट का औचक निरीक्षण किया। जिसमें बाजरे से लदे एक पॉवरट्रैक ट्रैक्टर की पड़ताल की गई। ऑपरेटर की ओर से जिस व्यक्ति की फोटो किसान के रूप में ली गई थी, वह वास्तव में किसान नहीं निकला। चालक ने खुद स्वीकार किया कि वह ट्रैक्टर भाड़े पर लेकर आया है। इस गड़बड़ी को गंभीरता से लेते हुए सचिव ने एचकेआरएन के तहत कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर अशोक यादव को उनके खराब आचरण के चलते तत्काल प्रभाव से गेट ड्यूटी से चलता कर दिया। इधर, मार्केट कमेटी सचिव ने एसडीएम कनीना का पत्र लिखकर मंडी के हालात से अवगत कराया। साथ ही मंडी में किसानों की भारी भीड़ और वाहनों की कतार को देखते हुए एंटी ओपरटर नियुक्त करने को कहा है।





कनीना। मंडी गेट पर तैनात एचकेआरएन कर्मचारी को जारी किया गया शो-कॉज नोटिस व एसडीएम को पत्र लिखकर मांगी गई पुलिस फोर्स।

तीन अतिरिक्त डाटा एंट्री ऑपरेटर की मांग

वहीं सायं ढलते ही शरारती तत्व गेट कर्मचारियों पर जबरन अनुचित दबाव बनाते हैं, जिससे मंडी का कार्य प्रभावित होता है। सचिव ने व्यवस्था सुचारू रखने के लिए तीन अतिरिक्त डाटा एंट्री ऑपरेटर तथा पर्याप्त पुलिस कर्मचारियों की तैनाती की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते अतिरिक्त पुलिस बल नहीं मिला, तो भारी भीड़ के कारण कार्य पूरी तरह ठप हो सकता है। एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह अहलावत ने सचिव के पत्र पर तत्काल संज्ञान लेते हुए डाटा एंटी ओपरेटर सहित अतिरिक्त पुलिस कर्मचारी मंडी में भेज दिए हैं। जिससे व्यवस्था पर काबू पाया जा रहा है।

कनीना मंडी में हुई 2.51 लाख क्विंटल से अधिक बाजरे की खरीद



कनीना। नई अनाज मंडी में बुधवार तक 8842 गेटपास के माध्यम से कुल 2,51,113 क्विंटल बाजरे की खरीद की जा चुकी है। मार्केट कमेटी के नए सचिव जितेंद्र सिंह द्वारा बनाई गई नई खरीद व्यवस्था के बाद किसानों को कतार से छुटकारा मिला है। उन्हाणी के किसान सुरेश कुमार, गाहड़ा के सुभाष चंद, आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान पूर्णचंद सहरावत, राजीव ने बताया कि मंडी में एक धर्मकांटा खराब होने पर बाहर के कांटे को वजन को मंजूरी मिलने के बाद वाहनों की कतार कम हो गई है। जिससे किसानों को अधिक इंतजार करने से मुक्ति मिली है। किसानों ने मार्केट कमेटी के सचिव जितेंद्र सिंह द्वारा बनाई गई व्यवस्था को सराहनीय कदम बताया है। मार्केट कमेटी सचिव जितेंद्र सिंह बताया कि 23 अक्टूबर को अगिहार, बेवल, मड़फ, बागोत, भोजावास, चेलावास, छितरौली, धनौंदा, दौंगड़ा अहीर व दौंगड़ा जाट तथा 24 अक्टूबर को गाहड़ा, गुढ़ा, गोमली, गोमला, इसराना, झाडली, झिगावन, ककराला, कलवाड़ी, करीरा व कपूरी गांवों के किसानों का बाजरा खरीदा जाएगा।

कांग्रेस ने फूंका मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला



मंडी अटेली। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार गुप्ता पुतला जलाते कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

वीरवार को कांग्रेस ने वोट बचाओ, देश बचाओ, संविधान बचाओ' अभियान के तहत आक्रोश मार्च निकालकर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ विरोध जताया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

मार्च के बाद अटेली के पुराने बस स्टैंड पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार गुप्ता का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। आक्रोश मार्च पंजाब नेशनल बैंक से शुरू होकर मुख्य बाजार से गुजरा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए मताधिकार और संविधान की रक्षा का मुद्दा उठाया। इसके बाद पुराने बस स्टैंड पर एकत्रित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला जलाया और कथित वोट चोरी के मुद्दे पर विरोध जताया।

ये रहे मौजूद

मार्च में पूर्व सीपीएस अनीता यादव, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सत्यवीर यादव झूकिया, किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर कृष्ण राव, महिला जिला अध्यक्ष राजवंती यादव, केसीसी जिला अध्यक्ष राजन, अटेली ब्लॉक अध्यक्ष सुमेर सिंह यादव और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह राता सहित अनेक नेता शामिल हुए। इस मौके पर जिला एससी सेल अध्यक्ष तोताराम कोली, सिहमा ब्लाक अध्यक्ष दिलीप सिंह, कमलेश सैनी, सुरेंद्र पाराशर, प्रेम यादव, रामकिशन कोटिया, राजकुमार, बलवंत सिंह यादव, मास्टर धर्मेंद्र, सुधीर यादव, प्रो. राजबीर, धीरज सरपंच तोबड़ा, प्रेम यादव, अनिल फांडन, सुरेंद्र पाराशर, अनुज जांगड़ा, तरुण यादव, तेजपाल, नंदलाल, बिरेंद्र, महेंद्र चौहान, ओमप्रकाश, नरेंद्र खोड़, संदीप और बिल्लू सुजापुर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

9वां स्नेह मिलन सम्मान समारोह 25 को

नारनौल। 18वीं कुमाऊं बटालियन के सभी सम्मानित सेवानिवृत्त सैनिकों का 9वां स्नेह मिलन समारोह 25 अक्टूबर को सुबह 10:15 बजे अटेली में आयोजित किया जाएगा। एनएच 11 के होटल ग्रीन पार्क पर यह कार्यक्रम होगा। कैप्टन अभय सिंह यादव ने बताया कि बटालियन के अधिकारी साहिबा एवं वीर वीरागंनाए और सभी के परिवार भी सादर आमंत्रित हैं।



बीआर स्कूल के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

महेंद्रगढ़। बीआर आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेहलंग द्वारा कक्षा छठी से बारहवीं तक विद्यार्थियों के लिए राजस्थान के उदयपुर, चित्तौड़गढ़ एवं श्री सांवरिया सेठ मंदिर का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को ऐतिहासिक धरोहरों, भारतीय संस्कृति, स्थापत्य कला एवं प्राकृतिक सौंदर्य से परिचित करवाना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने उदयपुर के प्रसिद्ध सिटी पैलेस, पिछोला झील, सहेलियों की बाड़ी, जगदीश मंदिर एवं फतेहसागर झील का अवलोकन किया। विद्यार्थियों ने सिटी पैलेस में मेवाड़ के गौरवशाली इतिहास एवं राजस्थानी स्थापत्य कला के बारे में जानकारी प्राप्त की। वहीं सहेलियों की बाड़ी तथा उदयपुर की खूबसूरत झीलों के भ्रमण ने विद्यार्थियों को प्रकृति एवं पर्यावरण के महत्व से परिचित करवाया। भ्रमण के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने श्री सांवरिया सेठ मंदिर में दर्शन किए तथा ऐतिहासिक चित्तौड़गढ़ किले का भ्रमण किया। प्रधानाचार्या ज्योति भारद्वाज ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। चेयरमैन हरीश भारद्वाज ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए।

थाने में ग्रामीणों को लिंगानुपात सुधार के लिए किया जागरूक

नारनौल। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोचाना के तत्वावधान में गांव थाना में लिंगानुपात सुधारने, कन्या भ्रूण हत्या रोकने तथा गर्भवती महिलाओं को सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूक करने हेतु विशेष बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता ग्राम सरपंच सरोज देवी ने की। बैठक में सरपंच सरोज देवी ने बेटा-बेटी की समानता पर बल देते हुए बालिकाओं को समान अधिकार एवं सम्मान देने का आह्वान किया। महिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुदरत ने सुरक्षित मातृत्व के महत्व पर प्रकाश डाला तथा उपस्थित ग्रामवासियों को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत कन्या भ्रूण हत्या के विरुद्ध शपथ दिलवाई। खंड विस्तार शिक्षक जितेंद्र चहल ने बालिका शिक्षा एवं सामाजिक समानता को बढ़ावा देने की अपील की। खंड आशा समन्वयक प्रवीण शर्मा ने कहा कि बेटियां आज प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परिचय दे रही हैं। उन्होंने प्रत्येक गर्भधारण का समय पर पंजीकरण करवाने, सहेली योजना की लाभार्थियों का आशा कार्यकर्ताओं एवं एएनएम की ओर से नियमित अनुवर्ती संपर्क सुनिश्चित करने तथा गर्भवती महिलाओं को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोचाना में आवश्यक जांच करवाने के लिए प्रेरित किया। बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नीतू शर्मा, एएनएम नीतू यादव, एएनएम संगीता, पात्र दंपति, गर्भवती महिलाएं एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रही।



नारनौल। बैठक में मौजूद महिलाएं व विभाग के कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

वायु प्रदूषण की रोकथाम पर सीएक्यूएम अध्यक्ष व मुख्य सचिव ने उपायुक्तों के साथ की समीक्षा बैठक

वायु प्रदूषण की रोकथाम: 31 तक चरणबद्ध ढंग से हटाए जाएंगे डीजल ऑटो रिक्शा

सड़कों की धूल, निर्माण स्थलों और औद्योगिक प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के अध्यक्ष राजेश वर्मा एवं हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वीरवार को संयुक्त रूप से उपायुक्तों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक कर वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए की जा रही तैयारियों एवं उपायों की समीक्षा की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद जानकारी देते हुए उपायुक्त अनुपमा अंजली ने बताया कि बैठक में वाहन प्रदूषण, सड़कों एवं निर्माण स्थलों से उड़ने वाली धूल तथा औद्योगिक इकाइयों से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभागों से संबंधित बिंदुओं पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार एक अक्टूबर से एनसीआर में वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसीसी) के बिना वाहनों में ईंधन भरने पर रोक लागू है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पेट्रोल पंपों एवं सीएनजी स्टेशनों पर ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन (एएनपीआर) कैमरे लगाए जा रहे हैं। इस संबंध में सभी पेट्रोल पंप संचालकों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि डीजल ऑटो रिक्शा को 31 दिसंबर 2026 तक चरणबद्ध तरीके से हटाया जाएगा। इस संबंध में लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। उपायुक्त ने बताया कि बैठक में सीएक्यूएम के निर्धारित फ्रेमवर्क के अनुसार प्रमुख शहरी एवं औद्योगिक सड़कों के पुनर्विकास कार्यों की स्थिति की समीक्षा की गई। सर्दियों के मौसम की शुरूआत से पहले अतिरिक्त मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनों की खरीद एवं तैनाती पर भी चर्चा की गई, ताकि सभी सड़कों तथा विशेष रूप से चिह्नित धूल प्रदूषण हॉटस्पॉट पर धूल को नियंत्रित किया जा सके। बैठक में निर्माण एवं विध्वंस (सीएंडडी) परियोजनाओं से उत्पन्न धूल को नियंत्रित करने तथा विध्वंस अपशिष्ट के उचित प्रबंधन के लिए सीएक्यूएम के निर्देशों के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई।

बैठक में दिल्ली-एनसीआर की औद्योगिक इकाइयों में कड़े उत्सर्जन मानकों के क्रियान्वयन की स्थिति की भी समीक्षा की गई। औद्योगिक इकाइयों तथा डीजल जनरेटर (डीजी) सेटों का औचक एवं बिना पूर्व सूचना के निरीक्षण करने पर भी जोर दिया गया। उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में नियमित निगरानी रखें और प्रदूषण की रोकथाम के लिए आवश्यक कार्रवाई समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित करें। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की कि वे कूड़े में आग न लगाएं, क्योंकि इससे वायु प्रदूषण बढ़ता है और लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। जिले में कूड़े में आग लगाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



नारनौल। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान मौजूद डीसी अनुपमा अंजली।

पुराने वाहनों को स्क्रैप कराएं और पाएं सरकार की सब्सिडी

उपायुक्त अनुपमा अंजली ने बताया कि पुराने वाहनों से होने वाले वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए निर्धारित आयु सीमा पूरी कर चुके वाहनों के विरुद्ध जब्ती (इंपाउंडिंग) की सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने 10 या 15 वर्ष की निर्धारित आयु सीमा पूरी कर चुके वाहनों के मालिकों से अपील की कि वे समय रहते संबंधित योजना का लाभ उठाएं। हरियाणा सरकार के परिवहन विभाग की 24 जून 2026 की अधिसूचना के तहत बसों एवं ट्रकों के लिए 'परिवर्तन पोर्टल' शुरू किया गया है। वाहन मालिक इस पोर्टल के माध्यम से अपने पुराने बीएस-I से बीएस-IV श्रेणी के पंजीकृत वाहनों को बदलने के विकल्प का लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा वे अपने वाहनों को पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग सुविधा के माध्यम से स्क्रैप कराकर नियमानुसार सब्सिडी एवं प्रोत्साहन राशि प्राप्त कर सकते हैं। वाहन स्क्रैप कराने के अतिरिक्त वाहन मालिक अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) प्राप्त करके अपने वाहनों को एनसीआर से बाहर स्थित जिलों में स्थानांतरित कराने का विकल्प भी चुन सकते हैं। योजना की विस्तृत जानकारी के लिए वाहन मालिक क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डैंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295154800, 8295738500, 9253681005